
# 24

# आओ सवारी करें




तुम शाला कैसे आते हो? जैसे आते हो उस तरीके को पहचान कर ऊपर दिए गए चित्र पर सही (√) का निशान लगाओ।

सामान खरीदने के लिए बाजार तक किस साधन से जाते हो?

1. ———————— 2. ———————— 3. ————————

तुम्हारे पिताजी काम पर किस साधन से जाते हैं?

————————————————

अक्सर हमें काम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर आना–जाना पड़ता है। यदि जगह पास में हो तो पैदल जा सकते हैं। यदि जगह दूर है तो वहाँ जाने लिए हम जीप, टैक्सी, बस, तांगा, रिक्शा, मोटरसाइकिल, साईकिल, रेलगाड़ी आदि का उपयोग करते हैं।

नीचे दिये गये चित्र में व्यक्ति किस साधन का उपयोग कर रहे हैं –






1. ____________________ 2. ____________________

रामू के पिता को धान बेचने मण्डी जाना है। वे धान को मण्डी तक कैसे ले जा सकते हैं?

1. ____________________ 2. ____________________

कुछ वाहनों का उपयोग हम सामान लाने–ले–जाने या (ढोने) के लिए करते हैं। तुम्हारे गाँव या शहर में सामान ढोने के लिए जिन–जिन वाहनों का उपयोग होता है नीचे दिए गए उनके चित्रों पर सही (√) का निशान लगाओ।



अगर तुम्हें बस्तर का दशहरा देखने जाना हो तो तुम किन–किन वाहनों से जा सकते हो?

1. ——————————————— 2. ———————————————

तुम्हें अपने माता–पिता के साथ एक शादी में भोपाल जाना है। भोपाल तुम्हारे गाँव या शहर से बहुत दूर है। तुम वहाँ किन–किन वाहनों से जा सकते हो? सही (√) का निशान लगाओ –


| | | | |
|---|---|---|---|
| बस | ( ) | रिक्शा | ( ) |
| रेल | ( ) | ऑटो | ( ) |
| स्कूटर | ( ) | पानी का जहाज | ( ) |
| बैलगाड़ी | ( ) | साइकिल | ( ) |

बस की तुलना में रेलगाड़ी कम समय में ज्यादा दूरी तय करती है। यह लोहे से बनी पटरियों पर चलती है।

लखन के चाचा मछुआरे हैं, वे मछली पकड़ने के लिए तालाब में किसमें बैठकर जायेंगे?

————————————————————————————————

कुछ लोग नदी या समुद्र के किनारे रहते हैं। वे पानी में एक जगह से दूसरी जगह आने–जाने के लिए नाव, डोंगा, जहाज आदि को काम में लेते हैं।




**जहाज**


**नाव**



नीचे दिए गए चित्रों में रंग भरो और पहचान कर उनका नाम लिखो :—



1. ____________________



2. ____________________

एक शहर से दूसरे शहर या एक देश से दूसरे देश में कम समय में जाने के लिए हेलीकॉप्टर या हवाई जहाज को काम में ले सकते हैं।

हवाई जहाज, रेलगाड़ी की तुलना में कम समय में ज्यादा दूरी तय करता है।

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. नीचे दिए गए वाहन किस मार्ग पर चलते हैं?
   हवाई जहाज, साइकिल, नाव, रिक्शा, रेलगाड़ी

2. तुम्हारे शहर/गांव में कौन–कौन से वाहन चलते हैं?

### लिखित

1. निम्नलिखित के दो–दो उदाहरण दीजिए :–

(i) सामान ढोने वाले वाहन

____________________ ____________________

(ii) एक शहर या गाँव से, दूसरे शहर या गाँव में जल्दी पहुँचाने वाले दो वाहन

____________________ ____________________

2. यात्रा में लगने वाले समय के आधार पर इनको धीमी गति से तेज गति के क्रम में लिखो –

(i) बैलगाड़ी ______________

(ii) पैदल ______________

(iii) हवाई जहाज ______________

(iv) रेलगाड़ी ______________

(v) मोटरसाइकिल ______________

E6TJ8A

## खोजो आस–पास

1. अपने घर के बुजुर्गों से पूछो कि जब वे बच्चे थे, तब एक शहर या गाँव से दूसरे शहर या गाँव में जाने के लिए किन साधनों का उपयोग करते थे?

2. अलग–अलग तरह के वाहनों के चित्र ढूंढकर अपनी कॉपी में चिपकाओ।